दिन– रविवार दिनांक– 31/03/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सरकारी कर्मी का दर्जा देने के लिए कक्षा छह से आठ के नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा का परिणाम घोषित। तेईस हजार आठ सौ तिहत्तर में से छियानवे प्रतिशत सफल।
02. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आज दोपहर मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित करेगी।
03. लोक सभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा में नामांकन पत्रों की जांच के बाद उनतालीस पर्चे वैध पाये गये।
04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण सहित कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया। राज्य के दक्षिणी हिस्से में वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कक्षा छह से आठ तक के शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इसमे कुल शामिल तेईस हजार आठ सौ तिहत्तर नियोजित शिक्षकों में से छियानवे प्रतिशत सफल घोषित हुए हैं। बिहार बोर्ड ने कहा है कि बाईस हजार नौ सौ इकतालीस अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए हैं। परीक्षार्थी बीएसईबी सक्षमता डॉट कॉम पर अपना परिणाम देख सकते हैं। गौरतलब है कि नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा देने के लिए यह परीक्षा हुई थी। सफल शिक्षकों को सरकार विशिष्ट शिक्षक का दर्जा देगी। विशिष्ट शिक्षक बनने के लिए शिक्षकों को पांच अवसर दिये जायेंगे। बाद में सभी सफल शिक्षकों की काउंसलिंग शिक्षा विभाग द्वारा कराई जायेगी। इसके बाद विद्यालयों में पदस्थापना की प्रक्रिया शुरु होगी।

———————————————————————

मैट्रिक परीक्षा का परिणाम आज जारी किया जायेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर दोपहर डेढ बजे परीक्षा परिणाम जारी करेंगे। लगभग सत्रह लाख परीक्षार्थियों ने इस बार मैट्रिक परीक्षा के लिए आवेदन किया था। परीक्षार्थी परीक्षा फल बोर्ड की वेबसाइट– डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बीएसईबीमैट्रिक डॉट ओआरजी पर भी देख सकते हैं। इसके अलावा डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रिजल्ट्स डॉट बिहार बोर्ड ऑनलाइन डॉट कॉम पर भी परीक्षा परिणाम देखा जा सकता है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई की चार सीटों पर नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गयी। उन्नीस अप्रैल को यहां मतदान होना है। नामांकन पत्रों की जांच में उनतालीस प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाये गये। इस चरण में बहत्तर उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा था, जिसमे तैंतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार गया में सात उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये हैं। इसके बाद यहां पंद्रह उम्मीदवारों चुनाव मैदान में रह गये हैं। जमुई में भी पांच उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। यहां राजद, लोजपा–रामविलास और बसपा के प्रत्याशी सहित सात उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, नवादा में नौ उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द करने के बाद यहां अब आठ उम्मीदवार ही चुनाव मैदान में हैं। औरंगाबाद में बारह उम्मीदवारों का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया है। यहां नौ प्रत्याशियों के नामांकन पर्चे वैध पाये गये। इन सभी सीटों पर नाम वापसी की अंतिम तारीख दो अप्रैल है।

———————————————————————————

इधर, लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन का कार्य जारी है। इस चरण में पांच संसदीय क्षेत्रों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में छब्बीस अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। कल किशनगंज संसदीय क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता जमा खान और दिलीप जायसवाल समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। जदयू नेता और मंत्री जमा खान ने दावा किया कि इस चुनाव में किशनगज समेत सभी चालीस सीटों पर एनडीए की जीत पक्की है।

———बाईट———

दूसरे चरण की सभी संसदीय सीटों पर अभी तक दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये हैं। पांचों संसदीय सीटों पर चार अप्रैल तक नामांकन दाखिल किये जा सकते हैं।

———————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव घोषणा–पत्र समिति का गठन किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह सत्ताईस सदस्यीय समिति के अध्यक्ष होंगे। वरिष्ठ नेता श्रीमती निर्मला सीतारामन को समिति का संयोजक और श्री पीयूष गोयल को सह–संयोजक बनाया गया है। बिहार से दो नेताओं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को सदस्य के रुप में शामिल किया गया है।

———————————————————————————

प्रदेश में चिराग पासवान के नेतृत्व वाले लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने अपने कोटे की सभी पांच लोक सभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये । लोक सभा चुनाव में एनडीए में हुए सीट बंटवारे में भाजपा ने लोजपा को पांच सीटे दी है। चिराग पासवान इस बार अपनी मौजूदा जमुई सीट के स्थान पर हाजीपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। यह सीट उनके पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की पारंपरिक सीट रही है। वैशाली संसदीय सीट से पार्टी ने मौजूदा सांसद वीणा देवी को फिर से टिकट दिया है जबकि खगड़िया लोक सभा सीट से राजेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। बिहार के मंत्री अशोक चौधरी की पुत्री शांभवी चौधरी को समस्तीपुर लोक सभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, जमुई संसदीय सीट से चिराग पासवान के बहनोई अरुण भारती पहले ही नामांकन भर चुके हैं। वीणा देवी को छोड़कर चिराग पासवान ने पशुपति कुमार पारस के गुट वाले राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के किसी भी मौजूदा लोक सभा सदस्य को टिकट नहीं दिया है। वीणा देवी  ठीक चुनावों की घोषणा के पहले चिराग पासवान की पार्टी में आ गयी थी। वहीं, चिराग का विरोध करने वाले प्रिंस पासवान और चौधरी महबूब अली कैसर अपने संसदीय क्षेत्रों से टिकट से वंचित रह गये हैं।

——————————————————————————————

भाकपा माले ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने कोटे की तीनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये हैं। पार्टी के राज्य सचिव कुणाल ने पटना में बताया कि आरा लोकसभा सीट से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजाराम सिंह और नालंदा से संदीप सौरभ को उम्मीदवार बनाया गया है। श्री कुणाल ने बताया कि भोजपुर के अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए शिव प्रकाश रंजन को उम्मीदवार बनाया गया है।

———बाईट———

——————————————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि वे इस वर्ष लोकसभा चुनाव नहीं लडेंगे। सोशल मीडिया पर श्री पारस ने कहा कि वो एनडीए के साथ हैं, लेकिन इस बार चुनाव में उम्मीदवार के तौर पर सक्रिय नहीं रहेंगे। गौरतलब है कि एनडीए में सीट बंटवारे के तहत श्री पारस की पार्टी रालोजपा को एक भी सीट नहीं मिलने के कारण श्री पारस ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। वे लगातार हाजीपुर से चुनाव लड़ने की बात करते रहे थे, लेकिन हाजीपुर संसदीय सीट शेयरिंग के तहत चिराग पासवान के नेतृत्व वाली पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास को दे दी गयी।

———————————————————————————

भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस यह दावा कर भ्रम फैला रही है कि आयकर विभाग ने उसके खातों को फ्रीज कर दिया है। पार्टी ने कहा कि केवल नाममात्र की राशि फ्रीज की गई है और खाते की शेष राशि पर कोई पाबंदी नहीं लगाई गई है। पार्टी प्रवक्ता सैय्यद जफर इस्लाम ने आयकर नियमावाली का पालन न करने और कार्रवाई किये जाने पर भ्रम फैलाने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना की है।

———————————————————————————

नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आज विपक्षी इंडी गठबंधन की 'लोकतंत्र बचाओ रैली' होगी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि गठबंधन के कई प्रमुख नेता इसमें शामिल होंगे। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के भी इसमें शामिल होने की संभावना है।

———————————————————————————

प्रदेश में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार इसके प्रभाव से आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में भी एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक शैलेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और गया जिले में एक या दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात होने का येलो अलर्ट जारी किया है।

———बाईट———

———————————————————————————

सीवान जिले के चर्चित दो हजार तेरह के चिल्हमरवा दोहरे हत्याकांड में ग्यारह साल बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। विशेष एमपी एमएलए कोर्ट ने माले नेता और जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा और दरौली विधायक सत्यदेव राम सहित सभी आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुये बरी कर दिया है। गौरतलब है कि चिल्हमरवा गांव में जमीन विवाद में दो गुटों के बीच हिंसक संघर्ष में दो लोगों की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में माले विधायकों समेत दस नामजद और पंद्रह अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ था।

———————————————————————————

उत्तर रेलवे यात्रियों की भीड़ को देखते हुए कल आंनद विहार से  गया और नई दिल्ली से पटना के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा। यह रेलगाड़ी आनंद विहार से शाम सात बजकर बीस मिनट पर चलेगी और अगले दिन दोपहर बारह बजे गया

पहुंचेगी। वहीं, वापसी में गया से दोपहर बारह बजे खुलकर अगले दिन शाम सात बजकर बीस मिनट पर आनंद विहार पहुंचेगी। यह रेलगाडी कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और गया स्टेशनों पर रूकेगी। वहीं, दूसरी रेलगाड़ी कल नई दिल्ली से शाम सात बजकर पांच मिनट पर चलकर अगले दिन बारह बजकर पचास मिनट पर पटना पहुंचेगी। यह रेलगाडी गोविंदपुरी, प्रयागराज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर होते हुए पटना पहुंचेगी।

इधर, पूर्व मध्य रेलवे भी कई होली स्पेशल रेलगाडियों का परिचालन कर रहा है। कल सहरसा–आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल सहरसा से सुबह साढे नौ बजे प्रस्थान करेगी। इसका ठहराव खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर छपरा सहित विभिन्न स्टेशनों पर दिया गया है। इसके अलावा तीन अप्रैल को रक्सौल से आनंद विहार के बीच विशेष ट्रेन चलायी जायेगी। यह ट्रेन रात्रि दस बजकर पच्चीस मिनट पर रक्सौल से रवाना होगी। इसका ठहराव सुगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, पनियहवा, गोरखपुर सहित विभिन्न स्टेशन पर दिया गया है। वहीं समस्तीपुर–आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल दो अप्रैल को रात्रि पौने आठ बजे समस्तीपुर स्टेशन से रवाना होगी। इसका ठहराव दरभंगा, सीतामढ़ी, नरकटियागंज सहित विभिन्न स्टेशनों पर होगा। वहीं, माल्दा टाउन–आनंद विहार टर्मिनल होली स्पेशल दिनांक आठ अप्रैल को मालदा टाउन से आनंद विहार टर्मिनल के लिए प्रस्थान करेगी। भागलपुर–नई दिल्ली होली स्पेशल दो और छह अप्रैल को भागलपुर से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी।

---

प्रदेश में बिजली दरों में दो प्रतिशत की कटौती की गयी है। बिहार राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कम्पनियों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुये यह फैसला सुनाया है। यह कटौती सभी तरह के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए होगी। नई दरें कल से इकतीस मार्च दो हजार पच्चीस तक प्रभावी रहेगी। गौरतलब है कि बिजली कम्पनियों ने बिजली दर में तीन प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव आयोग के समक्ष रखा था।

---

बावनवीं सीनियर मेन्स राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता आज से बेगूसराय में शुरू हो रही है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर इसका उद्घाटन करेंगे। चार अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में अट्ठाईस राज्यों के छह सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

---

तैंतीसवीं सब जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से पटना में शुरु हो रही है। कंकड़बाग खेल परिसर में आयोजित समारोह में राज्य के पूर्व मुख्य सचिव अंजनी कुमार सिंह प्रतियोगिता का अपराह्न साढ़े तीन बजे उद्घाटन करेंगे।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान का शीर्षक है– कर्पूरी समेत चार दूरदर्शियों को सर्वोच्च सम्मान। आडवाणी को आज उनके घर जाकर सम्मानिन करेंगी राष्ट्रपति।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– बिना नम्बर प्लेट वाली गाड़ियों पर लगेगा जुर्माना, होंगी जब्त।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– कल से राज्य में पन्द्रह पैसे प्रति यूनिट सस्ती मिलेगी बिजली।

प्रभात खबर लिखता है– घटी जमीन की खरीद–बिक्री, पिछले साल से चार सौ बासठ करोड़ रूपये कम मिला राजस्व।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. सरकारी कर्मी का दर्जा देने के लिए कक्षा छह से आठ के नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा का परिणाम घोषित। तेईस हजार आठ सौ तिहत्तर में से छियानवे प्रतिशत सफल।
02. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आज दोपहर मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित करेगी।
03. लोक सभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा में नामांकन पत्रों की जांच के बाद उनतालीस पर्चे वैध पाये गये।
04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण सहित कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया। राज्य के दक्षिणी हिस्से में वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।